भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 2392
उत्तर देने की तारीख : 08 जुलाई, 2019

धार्मिक स्थलों/संस्थाओं को वित्तीय सहायता

2392. श्री शंकर लालवानी :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में संस्कृति और धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देने के लिए धार्मिक स्थलों/संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है; और
(ख) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)
संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(क) और (ख) : जी, हां। यह मंत्रालय 'संबद्ध सांस्कृतिक कार्यकलापों के लिए वित्तीय सहायता की स्कीम' संचालित करता है। यह स्कीम 15.10.2018 को आरंभ की गई। इस स्कीम के अंतर्गत हम संबद्ध सांस्कृतिक कार्यकलापों के लिए श्रव्य-दृश्य प्रदर्शन को संवर्धित करने हेतु परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराते हैं ताकि नियमित आधार पर लाइव प्रस्तुतियों और खुले/बंद क्षेत्रों/स्थानों में आयोजित वे महोत्सव जहां बड़ी संख्या में पर्यटक/आगंतुक नियमित रूप से आते हैं और वे बड़े कार्यक्रम/उत्सव जिनमें आगंतुकों की संख्या बढ़कर लाखों में पहुंच जाती है, उनमें प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया जा सके।

2. इस स्कीम के अंतर्गत संस्वीकृत परियोजनाएं और इनके लिए जारी निधियों का ब्यौरा अनुलग्नक में दिया गया है।

अनुलग्नक

दिनांक 08 जुलाई, 2019 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2392 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

संबद्ध "सांस्कृतिक कार्यकलापों के लिए वित्तीय सहायता" के मामलों की स्थिति

क्र. सं.	आवेदक संगठन का नाम	परियोजना स्थल	राज्य	जारी की गई राशि
1.	वाराणसी स्मार्ट सिटी लिमिटेड (वीएससीएल), वाराणसी	श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, वाराणसी	उत्तर प्रदेश	90,00,000/- ₹
2.	वाराणसी स्मार्ट सिटी लिमिटेड (वीएससीएल), वाराणसी	वाराणसी के घाट	उत्तर प्रदेश	90,00,000/- ₹
3.	संस्कृति विभाग, उत्तराखंड सरकार	हर की पौड़ी, हरिद्वार उत्तराखंड	उत्तराखंड	81,00,000/- ₹
4.	संस्कृति विभाग, उत्तराखंड सरकार	केदारनाथ ट्रेक, उत्तराखंड	उत्तराखंड	60,00,000/- ₹
5.	संस्कृति विभाग, उत्तराखंड सरकार	केदार घाटी, उत्तराखंड	उत्तराखंड	54,00,000/- ₹
6.	संस्कृति विभाग, उत्तराखंड सरकार	स्वामी नारायण घाट, ऋषिकेश	उत्तराखंड	76,68,000/- ₹
7.	संस्कृति विभाग, उत्तराखंड सरकार	परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश	उत्तराखंड	81,00,000/- ₹
8.	संस्कृति विभाग, उत्तराखंड सरकार	यमुनोत्री मंदिर, उत्तराखंड	उत्तराखंड	60,00,000/- ₹
9.	श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड, जम्मू और कश्मीर	अर्द्धकुंवारी से भवन, हिमकोटी मार्ग से होते हुए	जम्मू और कश्मीर	84,47,760/- ₹
10.	गुजरात पवित्र यात्राधाम विकास बोर्ड	i) शामलाजी मंदिर, राष्ट्रीय राजमार्ग 8, शामलाजी ii) बहुचाराजी मंदिर, बीचराजी मेहसाणा	गुजरात	90,00,000/- ₹
11.	गुजरात पवित्र यात्राधाम विकास बोर्ड	i) सोमनाथ , प्रभास पाटन, वेरावल, गुजरात ii) द्वारका, देवभूमि द्वारका, गुजरात	गुजरात	90,00,000/- ₹
12.	गुजरात पवित्र यात्राधाम विकास बोर्ड	i) अंबाजी मंदिर, बाणशक्त, गुजरात; ii) महाकाली मंदिर, पंचमहल, गुजरात	गुजरात	90,00,000/-
13.	देवस्थान प्रबंधन समिति, कोल्हापुर	श्री करवीरनिवासिनी मंदिर	महाराष्ट्र	80,08,195/- ₹
14.	मंदिर अधिकारी, माता चिंतपूर्णी मंदिर, ऊना	माता चिंतपूर्णी मंदिर, चिंतपूर्णी, ऊना,	हिमाचल प्रदेश	77,58,723/- ₹
15.	श्री ज्वालामुखी मंदिर ट्रस्ट, ज्वालामुखी	श्री ज्वालामुखी मंदिर, ज्वालामुखी	हिमाचल प्रदेश	90,00,000/- ₹
16.	श्री चामुंडा नंदिकेश्वर मंदिर ट्रस्ट	श्री चामुंडा नंदिकेश्वर मंदिर	हिमाचल प्रदेश	81,72,731/- ₹
17.	मंदिर ट्रस्ट श्री नैना देवी जी, जिला-बिलासपुर	श्री नैना देवी जी, जिला-बिलासपुर	हिमाचल प्रदेश	70,40,718/- ₹

क्र. सं.	आवेदक संगठन का नाम	परियोजना स्थल	राज्य	जारी की गई राशि
18.	श्री महामाया बालासुंदरी जी मंदिर ट्रस्ट	श्री महामाया बालासुंदरी जी, त्रिलोकपुर	हिमाचल प्रदेश	67,13,745/- ₹
19.	श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड, जम्मू और कश्मीर	बाणगंगा दर्शनी देयोड़ी से अर्द्धकुंवारी, ताराकोटी मार्ग से होते हुए	जम्मू और कश्मीर	90,00,000/- ₹
20.	श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड, जम्मू और कश्मीर	बाणगंगा दर्शनी देयोड़ी से सांझीछत, पुराने मार्ग से होते हुए	जम्मू और कश्मीर	90,00,000/- ₹
21.	श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड, जम्मू और कश्मीर	सांझीछत से भवन तक एवं गौरीभवन से सांझीछत तक भैरों मार्ग से होते हुए	जम्मू और कश्मीर	90,00,000/- ₹
22.	श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट, हिमाचल प्रदेश	श्री सिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर, हमीरपुर	हिमाचल प्रदेश	76,21,231/- ₹
	22 परियोजनाएं	25 स्थल	कुल -	17,60,31,103/- ₹